ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 17 जून 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com



## परिवार संग गायब हुआ बिजनेसमैन MP के आश्रम में मिलाःकार की नंबर प्लेट बदली, फास्ट टैग हटा दिया; फिर अयोध्या दर्शन करने पहुंचे



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर.जयपुर में पत्नी और दो बेटियों के साथ गायब हुए बिजनेसमैन को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। पूरा परिवार मध्यप्रदेश के चित्रकूट स्थित लग्जरी आश्रम में रह रहा था। पुलिस 15 जून की रात पूरे परिवार को जयपुर लेकर पहुंची। इसके बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मुरलीपुरा सीआई सुनील कुमार ने बताया- 7 जून को बिजनेसमैन कैलाश चांडक, पत्नी अभिलाषा और दो बेटी शैलजा व गिरिशा को लेकर ससुराल से घर के लिए निकले थे। 8 जून को कैलाश की मां का फोन अभिलाषा के भाई अभिनव के पास आया। कहा- कैलाश से बात कराओ। इस पर पता चला कि कैलाश परिवार के साथ रात को ही निकल गया था। पीड़ित परिवार ने मुरलीपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

### पति-पत्नी दोनों के फोन को सर्विलांस पर रखा

सीआई सुनील कुमार ने बताया- पुलिस ने परिवार को ढूंढने के लिए हर एंगल पर काम करते हुए सर्च करना शुरू किया। कोई सबूत नहीं मिला। इस पर पुलिस ने कैलाश और अभिलाषा के फोन को सर्विलांस पर रखा। इनकी लोकेशन मध्यप्रदेश के चित्रकूट की मिली। इस पर चारों को पकड़कर (डिटेन) जयपुर लाया गया।

### कार की नंबर प्लेट बदली, फास्ट टैग हटा दिया

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कैलाश ससुराल से निकलने के बाद सीधे टोंक होता हुआ आगे निकल गया। उसने मोबाइल बंद कर लिए। कार के नंबर बदल लिए। कार से फास्ट टैग भी हटा दिया था। इससे किसी को उनकी लोकेशन की जानकारी ना मिले।

### राम मंदिर के दर्शन भी किए

कैलाश ने अपने फोन को इंटरनेट डोंगल से चलाना शुरू किया। इससे लोकेशन मिलने में पुलिस को परेशानी आई। कैलाश अपनी पत्नी और बच्चियों के साथ पहले यूपी गया। अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद कार से चित्रकूट (एमपी) पहुंचा।

### बिजनेसमैन ने कर्ज होने की बात कही, पुलिस को शक

चित्रकूट में पूरे परिवार ने तीर्थ किए। फिर आश्रम में रह रहे थे। प्रारम्भिक पूछताछ में कैलाश ने कर्ज होने की बात की है लेकिन पुलिस को संदेह है कि बात कुछ और है।

मुरलीपुरा थाना CI सुनील कुमार ने बताया- अभी इस परिवार के सदस्यों से पूछताछ करना बाकी है। इन्हें जल्दी पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। क्या कारण थे, यह लोग बिना बताए इस तरीके से गायब हो गए थे।

## सीनियर PTI एग्जाम में डमी कैंडिडेट बैठाने वाला गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

अजमेर. राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPCS) की सीनियर पीटीआई परीक्षा में खुद की जगह डमी कैंडिडेट बैठाने वाले एक और कैंडिडेट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी संजय चंपावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बाड़मेर निवासी गैनाराम पुत्र जैसाराम जाट है। प्रारम्भिक पूछताछ में पता चला है कि गैनाराम ने दस लाख रुपए दिए थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 में 4 डमी कैंडिडेट बैठाने के आरोप में आयोग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। दो आरोपी फलोदी जोधपुर निवासी कैलाश पुत्र जोगाराम जांगू और बांसवाड़ा निवासी राकेश मेदा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एक अन्य कैंडिडेट व उनकी जगह बैठने वाले डमी कैंडिडेट्स की पुलिस तलाश कर रही है।

**4 कैंडिडेट के खिलाफ आयोग ने दर्ज कराया मामला-** आयोग के अधिकारी प्रवीण मीणा ने 5 अप्रैल 2024 को अजमेर के सिविल लाइन थाने में केस दर्ज कराया। इसमें बताया कि 461 पदों के लिए दो पारी में एग्जाम हुई थी। इसमें 426 कैंडिडेट पास हुए। इस साल फरवरी में पास हुए कैंडिडेट को डॉक्युमेंट्स वेरिफिकेशन के लि बुलाया गया था। इनमें 31 कैंडिडेट्स नहीं पहुंचे थे। आयोग ने उन्हें अवसर देते हुए 23 फरवरी को बुलाया गया, लेकिन इनमें से 4 कैंडिडेट राकेश (बांसवाड़ा) पुत्र कैलाश मेदा, गोपीलाल (जालोर) पुत्र बाबूलाल, गैनाराम (बाड़मेर) पुत्र जैसाराम और कैलाश (जोधपुर) पुत्र जोगाराम जांगू नहीं पहुंचे। आरोपियों को फिर से 3 अप्रैल 2024 को फिर बुलाया गया, लेकिन वे नहीं आए।

## प्री-बजट बैठक स्थगित करके अचानक दिल्ली पहुंचे सीएम भजनलालःपीएम मोदी से मुलाकात की, लोकसभा चुनाव की परफॉर्मेंस को लेकर फीडबैक दिया



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. सीएम भजनलाल शर्मा ने आज दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम भजनलाल पहले से तय प्री-बजट बैठक को स्थगित करके दिल्ली पहुंचे थे। माना जा रहा है कि सीएम भजनलाल ने बैठक में पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव की परफॉर्मेंस को लेकर फीडबैक दिया। प्रदेश के आगामी बजट और योजनाओं को लेकर भी पीएम मोदी से चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव के बाद सीएम भजनलाल पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। लेकिन, वहां दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हो पाई थी। ऐसे में आज सीएम भजनलाल और पीएम मोदी के बीच हुई मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

### हार की समीक्षा बैठक के अगले दिन पहुंचे दिल्ली

लोकसभा चुनाव में 11 सीट हारने के कारणों की दो दिन समीक्षा बैठक करने के बाद सीएम भजनलाल आज दिल्ली पहुंचे थे। जयपुर में शनिवार और रविवार को प्रदेश नेतृत्व ने हार के कारणों की समीक्षा की थी। इस समीक्षा बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे सहित हारी हुई सीटों के प्रत्याशी और चुनाव में जिम्मेदारी निभाने वाले नेता शामिल थे।

## NCERT बोला- हम किताबों में भारत और इंडिया दोनों लिखेंगे जो संविधान कहेगा, वही मानेंगे; कौन सा शब्द लिखा जाए, यह बहस बेकार



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (NCERT) ने सोमवार 17 जून को कहा कि अपनी किताबों में हम भारत और इंडिया दोनों लिखेंगे। जो संविधान कहेगा, हम वही मानेंगे। कौन सा शब्द यानी (इंडिया या भारत) लिखा जाए, यह बहस बेकार है। किताबों में भारत और इंडिया शब्द इंटरचेंजिएबली तरीके (कभी भारत तो कभी इंडिया) से किया जाएगा। NCERT का ये बयान इसलिए अहम है, क्योंकि कुछ महीनों पहले सोशल साइंस के सिलेबस पर काम कर रहे एक हाईलेवल पैनल ने इंडिया की जगह भारत लिखने का प्रस्ताव रखा था। अब NCERT प्रमुख दिनेश प्रसाद सकलानी ने न्यूज एजेंसी PTI को दिए इंटरव्यू में साफ किया कि किताबों में दोनों नामों का इस्तेमाल किया जाएगा। हमें दोनों शब्दों से किसी तरह की नापसंदगी नहीं है। हम ये नहीं करेंगे कि या तो इंडिया लिखें या भारत। हम अभी भी दोनों नाम लिख रहे हैं। NCERT अपने सिलेबस में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव के लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी के चेयरपर्सन सीआई आइजैक ने 25 अक्टूबर को बताया कि भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में है, जो 7 हजार साल पुराने हैं। इंडिया नाम आमतौर पर ईस्ट इंडिया कंपनी और 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद इस्तेमाल होना शुरू हुआ। ऐसे में देश के लिए भारत नाम का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

आईजैक ने NCERT के सिलेबस में क्लासिकल हिस्ट्री शामिल करने के पीछे तर्क दिया- अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक में बांट दिया। प्राचीन इतिहास बताता है कि देश अंधेरे में था, उसमें वैज्ञानिक जागरूकता नहीं थी। हमारा सुझाव है कि बच्चों को मध्यकाल और आधुनिक इतिहास के साथ प्राचीन भारत के बजाय क्लासिकल हिस्ट्री भी पढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही सभी विषयों के सिलेबस में इंडियन नॉलेज सिस्टम शामिल किया जाना चाहिए।

तब NCERT ने कहा था कि पैनल के सुझावों पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

## राजेंद्र गुढ़ा बोले- असदुद्दीन ओवैसी मेरे दोस्त, मिलता रहता हूं:शिवसेना (शिंदे) से नहीं लड़ूंगा चुनाव



**24 न्यूज अपडेट**


झुंझुनूं. पूर्व मंत्री और शिवसेना (शिंदे) के प्रदेश संयोजक राजेंद्र गुढ़ा ने सोमवार को कहा- ओवैसी मेरे मित्र हैं और मैं उनका सम्मान करता हूं। मैं उनसे मिलता रहता हूं। झुंझुनूं विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि वे शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा सोमवार सुबह 9 बजे झुंझुनू शहर में ईदगाह पहुंचे और लोगों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। उन्होंने नमाज से लौट रहे लोगों को गले लगाकर त्योहार की बधाई दी। बता दें कि झुंझुनूं विधायक बृजेंद्र ओला संसद बन गए हैं। ऐसे में यह सीट खाली हो गई है। इस पर उपचुनाव होगा। राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर उदयपुरवाटी से चुनाव लड़ा, लेकिन वे हार गए। उन्होंने 2 जुलाई 2023 को जयपुर में एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की सभा में जाकर मुलाकात की थी। झुंझुनूं में आज ईदगाह पहुंचकर उन्होंने ऐलान किया कि वे शिवसेना शिंदे से चुनाव नहीं लड़ेंगे। ओवैसी मित्र हैं। इशारों में गुढ़ा ने झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव ओवैसी की पार्टी से लड़ने के संकेत दे दिए हैं।

कभी बसपा, कभी कांग्रेस, कभी शिवसेना तो कभी AIMIM से नजदीकी, नाराजगी और दूरी बनाते राजेंद्र गुढ़ा इस बार निर्दलीय मैदान में उतरेंगे या फिर औवैसी की पार्टी के टिकट पर जनता के बीच जाएंगे। यह बहुत जल्दी साफ हो जाएगा। उन्होंने झुंझुनूं के विकास को लेकर कहा- जिला विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां बहुत काम होने हैं। पानी की समस्या है। पुलिस लाइन के पास पुलिया बननी है।

### लाल डायरी के कारण रहे चर्चा में

पूर्व सीएम गहलोत के करीबी और आरटीडीसी चेयरमैन रहे धर्मेंद्र राठौड़ को डायरी लिखने की आदत थी। वे डायरी में रोजाना की मुलाकातें, बातचीत, तारीख-दर-तारीख लिखते थे। राठौड़ के घर ईडी की रेड पड़ी तो राजेंद्र गुढ़ा एक डायरी ले आए थे। इस डायरी में साल 2020 में राजस्थान में हुए सियासी घमासान और उससे पहले राज्यसभा चुनाव को लेकर राज्य सरकार से जुड़ी की घटनाओं का जिक्र था। डायरी का एक-एक पेज शेयर कर गुढ़ा ने अपनी ही सरकार को घेरना शुरू कर दिया था। इसलिए उन्हें राज्य मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया।

## खाने में निकला ब्लेड, एअर इंडिया से सफर कर रहा था यात्री



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. आइसक्रीम में कटी उंगली के बाद अब एअर इंडिया की फ्लाइट से एक हैरान कर देने वाली खबर आई है। बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को की फ्लाइट में सफर के दौरान यात्री ने खाना मंगाया उसने दावा किया कि खाने में ब्लेड था। एअर इंडिया मामले की जांच कर रही है। पत्रकार मैथ्युरेस पॉल 9 जून को फ्लाइट एआई 175 में सवार थे और उन्होंने अपना अनुभव सोशल मीडिया पर शेयर किया।

मैथ्युरेस पॉल ने कहा कि उन्हें एअर इंडिया की इन-फ्लाइट कैटरिंग द्वारा परोसी जाने वाली अंजीर चाट डिश में ब्लेड मिला। पॉल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "दो या तीन सेकंड तक चबाने के बाद मुझे एहसास हुआ कि यह मेरे भोजन में था। जैसे ही मैंने इसे उगला मुझे एहसास हुआ कि वह क्या था। तीन सेकंड के लिए माफी मांगी गई और चने का कटोरा लेकर वापस आ गया।" पॉल ने आगे कहा, "किसी भी फ्लाइट में ब्लेड का होना खतरनाक है। दूसरा इससे मेरी जीभ कट सकती थी। तीसरा, अगर कोई बच्चा यह खाना खा रहा होता तो क्या होता।" उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिनों बाद एअर इंडिया ने उन्हें पत्र लिखा और मुआवजे के रूप में दुनिया में कहीं भी मुफ्त बिजनेस क्लास यात्रा की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। पॉल ने कहा, "यह रिश्वत है और मैं इसे स्वीकार नहीं करता।" टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने एक बयान में इस घटना को स्वीकार किया। मुख्य कस्टमर एक्सपीरियंस अधिकारी राजेश डोगरा ने भोजन में ब्लेड की पुष्टि की। डोगरा ने कहा, "हमने जांच की है और स्रोत की पहचान हमारे कैटरिंग पार्टनर द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सब्जी मशीन के रूप में की है। हम सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए उनके साथ काम कर रहे हैं। कड़ी सब्जियों को काटने के बाद प्रोसेसर की अधिक बार जांच होगी।"

डोगरा ने पॉल के इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की कि एअर इंडिया ने मुआवजे के रूप में एक बिजनेस क्लास उड़ान की पेशकश की थी। एअर इंडिया को उड़ान के दौरान कई समस्याओं के लिए यात्रियों की बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। असंतुष्ट यात्रियों ने सोशल मीडिया पर गंदे केबिनों, खराब एंटरटेनमेंट सिस्टम और खराब गुणवत्ता वाले भोजन की शिकायत की है।

# संपादकीय : खुलती राहें

अत्याधुनिक अर्थव्यवस्था वाले सात देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत की विशेष उपस्थिति इसकी बढ़ती आर्थिक ताकत का ही प्रमाण है। भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, मगर हर वर्ष इसे विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाने लगा है। हालांकि इस बार इटली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को भी निमंत्रित किया गया था, पर भारत को खास तवज्जो दी गई। दरअसल, यह सम्मेलन एक ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। रूस यूक्रेन युद्ध और हमारा इजराइल संघर्ष जारी है। पूरी दुनिया अभी मंदी की चपेट में है। यहां तक कि जी-7 के सदस्य देश अमेरिका, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और जापान भी इससे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। मगर भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नहीं आ रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। जी-7 के मंच से प्रधानमंत्री ने फिर अपना संकल्प दोहराया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। उधर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के स्तर पर जी 7 देशों की भागीदारी लगातार घट रही है। वे विश्व जीडीपी में साठ फीसद की भागीदारी से चालीस फीसद पर पहुंच गए हैं। भारत लगातार विकसित देशों के समांतर एक ताकतवर समूह बनाने की कोशिश कर रहा है। उसी रणनीति के तहत जी-20 सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को भी समूह में शामिल किया गया। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण के देशों को एक मंच पर लाकर एक नया आर्थिक मंच बनाना चाहता है। जी 7 के सदस्य देश इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि भारत सहित वैश्विक दक्षिण एक विशाल बाजार है, वहां सस्ते श्रम की उपलब्धता भी भरपूर है। हालांकि इस बार के शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से दुनिया भर में बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने, वैश्विक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने संबंधी रणनीतियां बनाने पर जोर रहा, पर रूस और चीन की वजह से बढ़ते तनाव को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जी-7 समूह के सभी देशों के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हैं और उनके साथ व्यापार-वाणिज्य संबंधी गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं। जी-7 का जोर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ रिश्ते बेहतर बनाने पर है, इस तरह भारत इसमें मजबूत कड़ी साबित होगा। भारत के सामने फिलहाल कड़ी चुनौती चीन की तरफ से है। चीन को लेकर जी-7 देश भी वक्र दृष्टि रखते हैं। इस दौर में जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कमजोर होता गया है और जी-7 देश वैश्विक मामलों में निर्णायक साबित ही रहे हैं, वे भारत को विशेष रूप से अपने साथ जोड़े रखना चाहते हैं, तो निश्चय ही यह चीन के लिए चिंता का विषय होगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष में भी भारत की मध्यस्थता को अहम माना जा रहा है, जबकि इन दिनों रूस की नजदीकी चीन से बढ़ी है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने जी-7 के मंच से यह संकल्प दोहराया कि वे पड़ोसी देशों से रिश्ते मधुर बनाने पर जोर देंगे, ताकि ये चीन की गिरफ्त से बाहर निकल सकें, यह भी चीन के लिए रणनीतिक रूप से परेशान करने वाली बात है। जी-7 के इस शिखर सम्मेलन से भारत के लिए नई राहें खुलती नजर आती हैं।

# परीक्षा में धांधली

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित इस बार की राष्ट्रीय पात्रता- सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट को लेकर उठे विवाद ने एक बार फिर प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल गहरे कर दिए हैं। कुछ केंद्रों पर गलत पर्चा बंटने के बाद से ही विद्यार्थी आरोप लगाते रहे कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर निकल चुके हैं, मगर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए लगातार उस आरोप को खारिज करती रही। फिर नतीजे आए तो उसमें कई विसंगतियां देखी गईं। सइसठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले थे। करीब सोलह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए। मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा, तो उसने स्थिति स्पष्ट करने को कहा। मगर फिर भी एनटीए और सरकार की तरफ से तर्क दिया जाता रहा कि परीक्षा का पर्चा बाहर नहीं गया, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में कुछ त्रुटि हो सकती है। उसके लिए एक जांच समिति गठित कर दी गई। सोलह सौ विद्यार्थियों को दुबारा परीक्षा में बैठने की सहूलियत दी गई। मगर अब सबूत सामने आने लगे हैं कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर हो गया था। इससे एक बार फिर एनटीए की साख धूमिल हुई है। इस संस्था का गठन ही इस मकसद से किया गया था कि यह पूरी पारदर्शिता के साथ और चौक-चौबंद तरीके से प्रतियोगी तथा प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करेगी। इससे नकल माफिया पर अंकुश लगेगा। जिस तरह पूरे देश में नकल माफिया का जाल फैल चुका है और वे सख्त से सख्त पहरे में भी सेंधमारी करने में माहिर हो चुके हैं, उससे पार पाने में एनटीए को एक कारगर तंत्र माना जा रहा था। मगर वह भी विफल हो चुका है। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे फोड़ने में सबसे अधिक कोचिंग संस्थानों का हाथ देखा गया है। राज्य सेवा आयोग की परीक्षाओं तक में वे सेंध लगाते पाए गए हैं। उन पर नकेल कसने का अभी तक कोई पुख्ता तंत्र नहीं बन पाया है। परीक्षाओं में धांधली होनहार विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ और व्यवस्था में औसत तथा अयोग्य लोगों की फौज जमा करते जाने की कोशिश है। बिना दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

# ऑडी कार ने DIG के बेटे समेत 2 को उड़ाया:उदयपुर में देर रात हादसा, 4 ठेलों और 5 वाहनों को भी चपेट में लिया



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर. उदयपुर में तेज रफ्तार काली ऑडी कार ने डीआईजी (एसीबी) राजेंद्र गोयल के बेटे सहित 2 लोगों को चपेट में ले लिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। इसके आगे 4 ठेलों और 5 दोपहिया वाहनों को टक्कर मारती हुई कार आगे निकल गई। घटना रविवार रात करीब पौने ग्यारह बजे की है। बताया जाता है कि कार इतनी तेज स्पीड में थी कि ब्रेकर पर आकर उछल गई और बेकाबू हो गई। सूरजपोल थाना इंचार्ज सुनील चारण ने बताया- माली कॉलोनी (रिंग रोड) पर एसीबी डीआईजी के बेटे उत्कर्ष गोयल (23) समेत 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उत्कर्ष फल खरीदने के लिए आया था। फल के ठेले के पास ऑडी ने उत्कर्ष को टक्कर मारी। बाइक सवार भगवती लाल (30) को कार ने पहले ही चपेट में ले लिया था। भगवती लाल का जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। टीमें बनाकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। ऑडी कार को जब्त कर लिया है। कार हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बाकी कार ड्राइवर की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई है।

## पहले बाइक को मारी टक्कर फिर ठेलों को चपेट में लिया

प्रत्यक्षदर्शी पूर्व पार्षद पति पन्नालाल चौधरी ने बताया- कार की स्पीड करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। घटनास्थल से करीब 100 मीटर पहले ब्रेकर पर कार तेज स्पीड में जोर से उछली। वहीं से कार बेकाबू हो गई।कार ने पहले बाइक सवार भगवती लाल को चपेट में लिया। वह दूर जाकर गिरा। फिर कार बाइक को घसीटती हुई तेज रफ्तार में आगे बढ़ी। सड़क किनारे ठेला लगाए लोगों ने कार को देख लिया। बिना समय गंवाए वो वहां से भागे। कार ने ठेलों और वहां खड़ी बाइकों को टक्कर मारी। ठेले बुरी तरह टूट गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ठेलों से फल गिरकर बिखर गए। मेरे जमाई दीपक चौधरी का ठेला बुरी तरह टूट गया। चौधरी ने बताया कि कार में 3 युवक सवार थे। कार में तेज आवाज में गाने बज रहे थे।

हादसे में एक बाइक की हेडलाइट, हैंडल, टंकी सब टूट गए। घटनास्थल के नजदीक ही होटल पर काम करने वाले रंजीत ने कहा- गाड़ी लहराती हुई आई। ऑडी कार का आगे का हिस्सा वहीं फुटपाथ पर पड़ा था। सफेद रंग की एक बाइक नाली में जाकर फंस गई। ठेला लगाने वाले देर तक सड़क पर फैले फलों को इकट्ठा करते रहे। उधर, हादसे में घायल हुए उदयपुर एसीबी के डीआईजी राजेंद्र गोयल के 24 वर्षीय बेटे को जिला हॉस्पिटल ले जाया गया है।

## लोगों ने भागकर जान बचाई

घटना के चश्मदीद ने कहा- माली कॉलोनी (रिंग रोड) पर फल वाले को उड़ाती हुई कार रफ्तार से निकल गई। पूरा ठेला उड़ा दिया। एक व्यक्ति हाथ में ऑडी कार की नंबर प्लेट लेकर बोला- मैंने भागकर अपनी जान बचाई है। कार ने ठेला सहित वहां फ्रूट खरीद रहे लोगों को भी चपेट में ले लिया। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत एमबी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही हॉस्पिटल में डीआईजी राजेन्द्र गोयल पहुंचे।

# पुलिस कह रही है, शर्ट की जेब, पेंट की पीछे वाली पौकेट में नहीं रखें मोबाइल, गुम हुए 6 लाख के 30 मोबाईलों को ट्रेस कर लौटाया, बड़ा सवाल-मोबाइल जिनसे रिकवर किए वे कहां हैं? उन पर क्या हुई कार्रवाई



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षकयोगेश गोयल, जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर ने बताया कि चोरी व गुम हुए मोबाईलों को ट्रेस आउट कर परिवादियों को सुपुर्द कराने के अभियान में उमेश ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उदयपुर एवं कैलाश बोरीवाल, वृताधिकारी वृत नगर पश्चिम के निर्देशन पर डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित, थानाधिकारी द्वारा टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा थाना लम्बे समय से सर्कल में गुम हुए मोबाईलों की साईबर सैल के माध्यम से डिटेल प्राप्त कर 30 मोबाईलों को ट्रेस आउट किया जिसमें टीम द्वारा राजस्थान राज्य के उदयपुर, चितौड़गढ, जयपुर, जोधपुर, बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ जिलों में एवं गुजरात व महाराष्ट्र राज्य में उपयोग हो रहे ऐसे मोबाईल जो करीब तीन माह से दो साल की अवधि में गुम हुए थे जिन्हे टीम द्वारा रिकवर कर प्राप्त करने में सफलता हासिल की है जिनकी कीमत करीब 6 लाख रूपये है। पुलिस ने आम जन से अपील की है कि दुपहिया वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग कर मोटरसाईकिल की टंकी पर नहीं रखे एवं पीछे जेब में, शर्ट की उपर वाली जेब में भी नहीं रखे जिससे मोबाइल गिरने की सम्भावना रहती है एवं कहीं पर भी आने जाने के दोरान चलते वाहन पर मोबाईल पर बात नहीं करे क्योंकि कोई भी बदमाश आपसे छीनकर भाग सकता है। इस कार्रवाई में बडा सवाल यह उठा कि मोबाइल गुम हो गए थे व जो लोग महीनों से उन्हें अपना समझ कर उपयोग कर रहे थे वे लोग कौन है व उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। क्योंकि गुम हुई चीज को उठा कर उसका उपयोग करना भी कानूनी अपराध ही है। आजकल पुलिस ने यह ट्रेंड बना लिया है कि मोबाइल तो दिला देती है लेकिन जो लोग मोबाइल चोरी कर लेते हैं या गैर कानूनी रूप से उपयोग करते हैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इसके अलावा पुलिस का शर्ट की जेब में मोबाइल नहीं रखने का फरमान भी बेतुका हैं। आज ही एक व्यक्ति के पेंट की जेब में रखा मोबाइल फट गया व उसे चोटें आईं। ऐसे में पुलिस को यह कहना चाहिए कि आप शर्ट की जेब में मोबाइल रखें, हम उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी देते हैं।

# शादी का मुहूर्त निकलवाने जा रहा था परिवार, भाई-बहिन सहित 4 की मौत

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मालवा का चौरा पर हुए हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों समेत 4 की मौत हो गई। मालवा चौराहे पर दोपहर 12.30 बजे एक ही परिवार के ये सभी लोग शादी का मुहूर्त निकलवाने जा रहे थे। तभी पीछे से ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया व आगे चल रहे डंपर को टक्कर मार दी। डंपर बेकाबू होकर डिवाइडर की दूसरी तरफ जाता हुआ सड़क किनारे चल रहे एक परिवार के 3 लोगों पर पलट गया। हादसे में



भाई-बहन और भतीजी की मौत हुई है तथा चौथा मरने वाला ट्रेलर का ड्राइवर है। बताया गया कि हादसे में मशरू (48) पुत्र लखा, मशरू की बहन हदमी (50) पत्नी धीरा और मशरू के भाई की बेटी सोवनी (18) पत्नी काना की मौत हो गई। मशरू की पत्नी खेतु (45) हादसे में बाल-बाल बच गई। एसपी योगेश गोयल, कोटड़ा डीएसपी राजेंद्र सिंह, बेकरिया थानाधिकारी धनपत सिंह मौके पर पहुंचे थे। एंबुलेंस में शवों को बेकरिया अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया। ट्रेलर में पत्थर भरे हुए थे। ट्रेलर खाई में गिर गया और पत्थर सड़क पर ही बिखर गए। सभी लोग गांव से पैदल मालवा का चौरा हदमी के रिश्तेदार की शादी के लिए पंडित जी से मुहूर्त निकलवाने मंदिर जा रहे थे। ट्रेलर के ड्राइवर बलविंदर कुमार पुत्र तिलक राज निवासी रामबाग मोहल्ला, होशियारपुर (पंजाब) की भी मौत हुई है। गंभीर घायल डंपर ड्राइवर को उदयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर ढलान में उदयपुर की तरफ आ रहे ट्रेलर के ब्रेक फेल हो गए थे। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। पुलिस ने हाईवे के एक तरफ से यातायात डाइवर्ट किया व बाद में मार्ग सुचारू करवाया।

# सिक्किम की बाढ़ में फंसे बांसवाड़ा के टूरिस्ट आईटीबीपी के कैम्प में सुरक्षित



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। सिक्किम में तेज बाढ आने से यातायात अस्त व्यस्त हो गया था व कई रास्ते बह गए जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। बाढ़ और तेज बारिश में बांसवाड़ा के एक दंपती भी फंस गए हैं। यह दंपती फिलहाल इंडियन तिब्बतियन बर्मा पोस्ट पर शरण लिए हुए सुरक्षित हैं। अभी उनका घर वापस लौटना मुश्किल हो रहा हैं। एडवोकेट प्रणम जैन के पिता राजकुमार जैन ने मीडिया को बताया कि दंपती 9 जून को सिक्किम के लिए रवाना हुए व 12 जून को तिब्बत की पहाड़ी पर पहुंचे थे। 13 जून को घाटी उतरते समय तेज बारिश हो गई व अचानक बाढ़ आ गई। लेंड स्लाइड से रास्ते बंद हो गए। बेटे के साथ उनकी पत्नी नीलम भी हैं। प्रणम ने तुरंत तिब्बत मिलिट्री में संपर्क किया और उसके बाद उन्हें आईटीबीपी कैम्प में ले जाया गया। उनके साथ सुरेश पंचाल, उनकी पत्नी और तीन बच्चे भी हैं। मौसम साफ होने और पानी उतरने पर ही अब उनके आगे बढ़ने की संभावना है। मौके पर कोई फोन नेटवर्क काम ही नहीं कर रहा हैं, केवल बीएसएनएल ही कभी कभी चलता है। संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने भी प्रणम से संपर्क किया व बात की। उन्होंने आईटीबीपी के कैंप में ही सुरक्षित रहने व हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# भीलवाड़ा में अपहरण व फिरौती के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार, राशि भी बरामद



**24 न्यूज अपडेट**

भीलवाड़ा. जिले के बीगोद थाना क्षेत्र में शनिवार को अपहरण कर 5 लाख रुपए फिरौती मांगने के मामले का पुलिस ने दो दिन बाद सोमवार को खुलासा कर दिया. पुलिस ने अपहरण की साजिश के मुख्य सरगना सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर फिरौती की राशि बरामद कर ली ।

बीगोद थाना प्रभारी सुनील कुमार बेडा ने बताया कि गत 15 जून को क्षेत्र के खटवाड़ा गांव निवासी सुनील कुमार थाने में पुलिस में अपने भाई के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. इसमें उसने बताया था कि उसका भाई विष्णु किसी काम से भीलवाड़ा गया था. वहां उसका अपहरण हो गया. उसके मोबाइल से मेरे पास फोन आया कि 'तुम्हारे भाई विष्णु का हम लोगों ने अपहरण कर लिया है. यदि अपने भाई को जिंदा छुड़वाना चाहते हो तो तुरंत प्रभाव से पांच लाख रुपए इस मोबाइल नंबर पर डाल दो, अन्यथा तेरे भाई को हम जान से खत्म कर देंगे'. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया. जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया. पुलिस की विशेष टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक विष्णु को भीलवाड़ा शहर के पास तेजसिंह सर्कल से सकुशल दस्तयाब कर लिया. पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी सहायता से छह आरोपियों को सोमवार को पकड़ लिया. आरोपियों में एक महिला भी है. उनसे फिरौती की राशि 1 लाख 96 हजार रुपए बरामद कर ली गई ।

# अग्निपथ योजना में बदलाव की खबरों को पीआईबी ने बताया फेक




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। सरकार की ओर से अग्निपथ योजना में बदलाव की कल खूब खबरें वाट्सएप पर चली थी व मैसेज में कहा गया था कि अब चुनावों के बाद सबसे पहले इसमें बदलाव किया जा रहा है व इसे पूरी तरह से बदल दिया जाएगा। इस बीच आज इस योजना को फिर से शुरू करने की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया पर चल रहे इस आशय के संदेश को फर्जी बताया गयां। पीआईबी की ओर से सरकार ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। प्रेस सूचना ब्यूरो ने अपने एक्स हैंडल पर स्पष्ट किया, "एक फर्जी व्हाट्सएप संदेश में दावा किया गया है कि अग्निपथ योजना को कई बदलावों के साथ समीक्षा के बाद 'सैनिक सम्मान योजना' के रूप में फिर से शुरू किया गया है, इसमें सेवा की अवधि को बढ़ाकर 7 साल करना, 60 प्रतिशत स्थायी कर्मचारी और बढ़ी हुई आय शामिल है... भारत सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है।" आपको बता दें कि अग्निपथ योजना की आलोचना इसके लागू होने के साथ ही हो रही थी। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान आक्रामक रूप से इसे मुद्दा बनाया था जिसका उसे लाभ भी हुआ। अग्निपथ योजना एक "टूर ऑफ़ ड्यूटी स्टाइल" योजना है, जिसे सितंबर 2022 में सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं में कमीशन प्राप्त अधिकारियों से नीचे के रैंक के सैनिकों की केवल चार साल की भर्ती के लिए लागू किया गया था। इस प्रणाली के तहत भर्ती किए गए कर्मियों को अग्निवीर कहा जाता है।

# हनी ट्रैप में फंसा दिया जज साहब को, 50 लाख का फ्लैट मांगा, मोबाइल से कई अश्लील फोटो ले लिए




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. अजमेर। अजमेर में तैनात 30 साल जज ने गंगानगर जिले में एलडीसी युवती पर मामला दर्ज करवाया है जिसमें हनीट्रेप में फंसाने की बात सामने आई है। जज का आरोप है कि युवती ने उससे जबरन फिजिकल रिलेशन बनाए और अश्लील वीडियो और फोटो लिया, अब ब्लैकमेल कर जयपुर में फ्लैट के नाम पर 50 लाख की डिमांड कर रही है। अजमेर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज हुआ है। इसमें युवती समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। एफआईआर में बताया गया है कि 2019 में जब वह राजस्थान ज्यूडिशियरी सर्विस की तैयारी कर रहे थे। इस दौरानयुवती ने फोन पर संपर्क किया। खुद को भी परीक्षा की तैयारी करना बताया और नोट्स लेने के बहाने रूम पर आ गई। फिजिकल रिलेशन बनाने का दबाव बनाने लगी। कहा- अगर बात नहीं मानी तो चिल्लाकर लोगों को इकट्ठा कर लूंगी। युवती ने अपने मोबाइल से कई अश्लील फोटो ले लिए। इसके बाद ब्लैकमेल करने लगी। युवती ने शाम को कॉल कर कहा- अगर तेरा आरजेएस में चयन हो गया और तूने मुझसे शादी नहीं की तो रेप का केस लगा दूंगी। इसके बाद रोज रुपए की डिमांड करने लगी और धमकी देती रही। युवती- ब्रांडेड कपड़े, महंगे मोबाइल, मेकअप और रूम रेंट के नाम पर रुपए लेती रही। युवती ने जीजा से बात करवाई और शादी का दबाव बनाया। वह हत्या करना चाहती है। जज ने आरोप लगाया कि 2021 में दिवाली तक वह 3 लाख 50 रुपए से ज्यादा ले चुकी है। चैट और कॉल की रिकॉर्डिंग सेव रखती थी। इसी के आधार पर आगे परिवार के साथ मिलकर ब्लैकमेल करने लगी। युवती ने जज को पेपरलीक गिरोह से जान पहचान होने की धमकी दी। कहा कि हाथ-पैर तुड़वा दूंगी। जज ने आरोप लगाया कि 2024 में युवती के भाई का आरपीएससी व एईएन के लिए इंटरव्यू था। युवती ने मानसिक दबाव बनाया कि सिफारिश करके भाई को इंटरव्यू में पास कराओ, या फिर रुपए का बंदोबस्त करो। जज ने रिपोर्ट में बताया है कि जब वह कोर्ट में होते, तब युवती अश्लील मैसेज करती, वीडियो भेजती और धमकी देती थी। मानसिक रूप से प्रताड़ित होते रहे। युवती फेवर के मैसेज तो चैट में रखती लेकिन, धमकी वाले मैसेज को डिलीट कर देती।

# नीट परीक्षा को लेकर जयपुर हाईकोर्ट में लगी 6 से ज्यादा याचिकाए, एग्जाम रद्द कर सीबीआई से जांच की मांग




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट में नीट परीक्षा को लेकर मंगलवार को सुनवाई होगी। वेकेशन जज जस्टिस भुवन गोयल की अदालत सुनवाई करेगी। राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में अब तक 6 से ज्यादा याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। इसमें 4 याचिकाओं पर मंगलवार को हाईकोर्ट सुनवाई करेगा। नीट एग्जाम में हुई गड़बड़ियों के चलते पूरी परीक्षा को रद्द करने, परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने सहित अन्य मांगें की गई हैं।याचिकाएं दायर करने वाले यशिवनी, तनुजा यादव और यक्शश्री दूबे के वकील राम प्रताप सेनी ने बताया कि नीट परीक्षा को रद्द करके फिर से करवाना प्रमुख मांग है। याचिकाकर्ताओं को 10 मिनट से लेकर आधे घंटे देरी से पेपर दिया गया था। यही नहीं हिंदी माध्यम वालों को अंग्रेजी का पेपर दे दिया गया था। याचिकाकर्ता का सेंटर सवाई माधोपुर के माउन टाउन कस्बे के परीक्षा केन्द्र पर था। यहां 120 अभ्यर्थियों को गलत पेपर दिया गया। हिंदी मीडियम वालों को अंग्रेजी और अंग्रेजी मीडियम वालों को हिंदी का पेपर बांट दिया। करीब 1 घंटे से ज्यादा समय हंगामे में खर्च हो गया। परीक्षा केंद्र वालों ने केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दुबारा परीक्षा देने का मौका दिया, जिन्हें गलत पेपर बांट दिया गया था। इसके अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी को मौका नहीं दिया जबकि उनका समय भी हंगामे से खराब हुआ था। सेंटर का रिकॉर्ड कहता है कि 120 में से केवल 116 अभ्यर्थियों ने ही फिर से पेपर दिया। बता दें कि देश के अलग-अलग हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट भी नीट परीक्षा विवाद को लेकर सुनवाई कर रहा हैं। सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद एनटीए ने ग्रेस मार्क्स पाने वाले सभी अभ्यर्थियों के स्कोर कार्ड निरस्त कर दिए हैं। अब इन 1563 अभ्यर्थियों की फिर से परीक्षा होगी। ऐसे में हाईकोर्ट में जिन अभ्यर्थियों ने ग्रेस मार्क्स के लिए याचिकाएं लगाई है। उनकी मांग है कि उन्हें भी फिर से परीक्षा देने का मौका दिया जाए।

# दार्जिलिंग ट्रेन हादसे में 15 की मौत, 60 घायल, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया शोक, रेल मंत्री ने 10-10 लाख व पीएमओ ने मृतकों के परिजनों को ढाई लाख की आर्थिक मदद का किया ऐलान, घायलों को 50 हजार की सहायता



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, दार्जिलिंग। अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस सिलीगुड़ी के रंगापानी स्टेशन के पास रुइधासा में रेड सिग्नल होने से ट्रेक पर रुकी हुई थी। तभी पीछे से आ रही मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। मालगाड़ी के इंजन पर एक्सप्रेस ट्रेन का एक डिब्बा हवा में लटक गया। दो डिब्बे पटरी से उतर गए। रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रेलवे और बंगाल के अधिकारी जुटे हैं। नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने मीडिया को बताया कि जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है, उसे रात तक चालू कर दिया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दार्जिलिंग पहुंचने वाले हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा - दार्जिलिंग के फांसीदेवा इलाके में एक रेल दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ। राहत बचाव काम और लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए डीएम, एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अब तक 15 लोगों की मौत व 60 के घायल होने की खबर आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि ''बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रभावितों की सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी ने यह भी घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रेल हादसे पर दुख जताते हुए लिखा, ''पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे में लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, ''पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुआ रेल हादसा बहुत दुखद है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''


रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए ट्रेन हादसे में मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। इसकी घोषणा रेल मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा, ''पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी; मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये और गंभीर रूप से चोटिल को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।'' इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा कि रेलवे के "एनएफआर जोन में दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है। बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पूरे तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।" बता दें कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। न्यू जलपाईगुड़ी के रंगापानी स्टेशन के पास कंचनजंगा एक्सप्रेस पर पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। मालगाड़ी से टक्कर के बाद कंचनजंगा एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गये। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 25-30 से ज्यादा यात्रियों के घायल होने की भी खबर है। मौके पर पहुंची राज्य सरकार और रेलवे की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुट गई हैं। हालांकि वहां जारी बारिश के कारण राहत एवं बचाव कार्यों में दिक्कत आ रही है। स्थानीय लोग भी उनकी मदद कर रहे हैं। मौके पर मौजूद राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, "हमें आशंका है कि कुछ और लोग अंदर फंसे हो सकते हैं। इसलिए हम फिलहाल गैस कटर का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। गैस कटर के इस्तेमाल से उनकी जिंदगी खतरे में पड़ सकती है। चूंकि हम अभी मैन्युअल प्रक्रिया का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसलिए बचाव कार्य की रफ्तार धीमी है। बारिश के कारण मुश्किल बढ़ गई है।

# निर्जल-निराहार रह कर प्रभु भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु, भगवान जगन्नाथ के दर्शन पाकर हुए धन्य



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर में सोमवार को निर्जला एकादशी पर भक्ति और दान-पुण्य का सिलसिला चला। पूरे दिन भक्तो ने निर्जल निराहार रह कर भक्ति में तल्लीन हो प्रभु दर्शनों का लाभ लिया और यथा सामर्थ्य दान करते हुए सर्व मंगल की कामना की। उदयपुर शहर के जगदीश मंदिर में विशेष आयोजन हुए। दर्शनों के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की कतारें लगीं और भजन-कीर्तन होते रहे। शहर में निर्जला एकादशी पर परम्परानुसार खूब पतंगें भी उड़ाई गईं।



# कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना एक स्पेशल अभियान



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना एक स्पेशल अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत रविवार को सेना की 8 लोगों की टीम उदयपुर पहुंची। यहां उन्होंने करगिल लड़ाई में शामिल हुए शहीदों के परिवारजन व हिस्सा लेने वाले जवानों को सम्मानित किया।एनसीसी कैडेट आर्मी के सदस्य समेत कई नागरिक भी शामिल हुए। सोमवार सुबह 7 बजे एकलिंगगढ़ छावनी स्थित आर्मी कैंट में कार्यक्रम के बाद टीम जोधपुर के लिए रवाना हुई। 12 जून को द्वारका से शुरू हुए इस मोटरसाइकिल अभियान में आठ लोगों की टीम 15 दिनों में 1750 किलोमीटर की दूरी तय कर 26 जून को नई दिल्ली पहुंचेगी। यह कारवां अहमदाबाद, उदयपुर, जोधपुर, अजमेर और जयपुर से होकर गुजरा। इनके अलावा भी देश के अलग-अलग कोनों से तीन अन्य टीमें हैं। यह सभी दिल्ली से मिलकर द्रास की ओर 1000 किमी की दूरी तय करेंगी। अभियान का समापन कारगिल युद्ध स्मारक पर होगा।

# गंगरार वाटर पार्क प्रकरण में पॉलिटिकल बुलडोजर, डीएसपी का अजमेर तबादला, पहले थानाधिकारी लाइन हाजिर हुए



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, चित्तौड़गढ़। गंगरार वाटर पार्क प्रकरण में अबकी बार......डीएसपी का नंबर आया है। पहले थानाधिकारी को लाइन में भेज दिया गया था अब डीएसपी साहब का तबादला हुआ है। बताया तो प्रशासनिक कारण है मगर जनता को जो खुली आंखों से दिखता है उसे छुपाना लगभग नामुमकिन होता है। लोग कह रहे हैं कि यह पॉलिटिकल बुलडोजर जस्टिस हो रहा है। कार्रवाई एक पर और सबक पूरे सिस्टम को वाला कहीं कोई फार्मूला चल रहा है। गंगरार डीएसपी के लिए पुलिस मुख्यालय जयपुर से तबादले का फरमान आया है। आपको बता दें कि चित्तौड़गढ़ में 6 जून को किंग्स वाटर पार्क में तोड़फोड़ हुई थी जो देश ही नहीं विदेशों में भी लोगों ने अपने कैमरे पर देखी। इसमें गांव से लगभग 100 लोग वाटर पार्क में घुस आए थे व अफरा तफरी का माहौल था। सीन ऐसा हो गया जैसे किसी साउथ की फिल्म की शूटिंग चल रही हो। जेसीबी से पूरे वाटर पार्क को धमाचौकडी मचा दी गई थीं इस मामले में पुलिस ने 10 लोगों को भी पकड़ लिया था, जिसमें पूर्व प्रधान देवीलाल जाट और पूर्व सरपंच संजय वैष्णव भी शामिल थे। उसके बाद से पावर पॉलिटिक्स का गेम शुरू हुआ जो रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। गंगरार डीएसपी रविन्द्र प्रताप सिंह और थानाधिकारी मोतीराम सारण के लिए यह किसी सबक के जैसा है जिसमें यह सीख मिल रही है कि कितनी भी बड़ी घटना हो जाए। रूको, देखो, पॉलिटिकल मास्टर्स को विश्वास में लो और गुणा-गणित को जोड़ने के बाद कदम उठाओ। नही तो साइड इफेक्ट झेलने को तैयार रहो। थानाधिकारी को 10 जून को लाइन हाजिर किया गया था उसके बाद अब डीएसपी का अजमेर ट्रांसफर किया हैं दोनों ही मामलों में प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया है और अब किंग्स वाटर पार्क मामले में पुलिस की ओर से पूरी तरह से चुप्पी साध ली गई है। अब आगे और लोगों की गिरफ्तारियों की संभावनाएं पूरी तरह से धूमिल होती नजर आ रही है।

# उदयपुर के काव्य आमेटा बने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर के रहने वाले काव्य आमेटा भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर पदस्थ हुए। बचपन से ही देश सेवा और एयरफोर्स में जाने के जुनून के तहत उदयपुर के काव्य आमेटा ने भारतीय वायुसेना में चयन एवं सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पश्चात स्थाई सेवा कमीशन प्राप्त कर मेवाड़ का गौरव बढाया है। भारतीय वायु सेना अकादमी हैदराबाद में 15 जून शनिवार को आयोजित 213वे अधिकारी पाठ्यक्रम के संयुक्त दीक्षांत परेड समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी द्वारा काव्य आमेटा को फ्लाइंग अधिकारी पद प्रदान किया गया। पिता दिनेश आमेटा एवं माता चंदन बाला आमेटा के अनुसार काव्य को बचपन से ही वायु सेना में जाने का जुनून सवार था जिसके चलते उन्होंने इंजीनीरिंग स्नातक शिक्षा के दौरान भी वायुसेना के लिए आवश्यक शारीरिक दक्षता एवं योग्यता के लिए लगातार परिश्रम कायम रखा एवं चयनित हुए। 16जून को काव्य के उदयपुर आगमन पर परिजनों एवं मित्रों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ ज़ोरदार स्वागत किया गया। काव्य आमेटा ने अपने चयन व सफल प्रशिक्षण पश्चात् वायुसेना में नियोजन के लिए पारिवारिक संस्कार, गुरुजनों एवं मित्रो के सहयोग को श्रेय देते हुए सभी को धन्यवाद दिया।


# बदमाशों ने लूट के इरादे से कंटेनर को रुकवाया:पिस्टल दिखाकर की रुपए की मांग, कुछ नहीं मिलने पर हेल्पर पर किया चाकू से हमला



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर. डूंगरपुर की बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर रविवार रात दो बाइक सवार 4 बदमाशों ने लूट के इरादे से एक कंटेनर को रुकवाया। बदमाशों ने ड्राइवर और हेल्पर को पिस्टल से डराया। उनके पास कुछ नहीं मिलने पर बदमाशों ने हेल्पर पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित ड्राइवर और हेल्पर की ओर से बिछीवाड़ा पुलिस थाने में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। यूपी निवासी हेल्पर नदीम पुत्र मोहम्मद शरीफ ने बताया कि ट्रक ड्राइवर आप्ता हुसैन पुत्र अब्दुल हकीम के साथ यूपी से कंटेनर लेकर अहमदाबाद के लिए निकला था। रविवार रात को करीब डेढ़ बजे एनएच-48 पर बरोठी गांव के पास दो बाइक पर चार बदमाश आए। कंटेनर को रुकवाने की कोशिश की। वहीं कंटेनर को नहीं रोकने पर बाइक को कंटेनर के आगे लगा दी। इसके बाद बदमाशों ने लूट की नियत से डराने के लिए पिस्टल दिखाई और पैसे मांगे, लेकिन पैसे नहीं होने पर बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और चाकू से हेल्पर नदीम पर हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सुबह बिछीवाड़ा थाने पहुंचकर घटना की मौखिक जानकारी दी, लेकिन घटना को लेकर पीड़ितों की ओर से पुलिस को लिखित में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

# ईद पर विशेष नमाज में मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। ईद उल अजहा का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पलटन की मस्जिद सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज हुई जिसके बाद सबने अमनो-अमान की दुआ की। इस अवसर पर मुस्लिम मोहल्लों में काफी उल्लास देखा गया।

24 न्यूज अपटेड

देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरों को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल

ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें

YouTube

24 NEWS UPDATE

हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें

लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।